10.04 08:59
8.1 केन्द्रीय विद्यालय विजयपुर.
अर्धवार्षिक परीक्षा 2019
नमूना प्रश्न पत्र

कक्षा. -आठ
समय 2:30 घंटे. पूर्णान्क -80

खंड (क)

प्रश्न 1-निम्नलिखित गद्यान्श को पढ़कर पूछ गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

मानव जीवन का सर्वोत्तम की विकास ही शिक्षा का उद्देश्य है मनुष्य के व्यक्तित्व में अनेक प्रकार की शक्तियां अन्तनिर्हित रहती है| शिक्षा इन्हीं शक्तियों का उद्घाटन करती है| मानवीय व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करने का कार्य शिक्षा द्वारा ही संपन्न होता है सृष्टि के प्रारंभ में लेकर आज तक मानव ने जो प्रगति की है उसका सर्वाधिक श्रेय मनुष्य के ज्ञान चेतना को ही दिया जा सकता है मनुष्य में ज्ञान चेतना का उदय शिक्षा द्वारा ही होता है| बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन पशु तुल्य होता है शिक्षा ही अज्ञान रूपी अंधकार से मुक्ति दिलाकर ज्ञान का दिव्य आलोक प्रदान करती है विद्या मनुष्य को अज्ञान के बंधन से मुक्त करती है

प्रश्न 1 अपठित गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नो के उत्तर दीजिये:-
(अ) शिक्षा का उद्देश्य किसे बताया गया है और क्यों? 2
(ब) “विद्या मनुष्य को अज्ञान के बंधन से मुक्त करती है |” यह किस प्रकार का वाक्य है? प्रकार बताते हुए परिभाषा भी लिखे | 2
(स) 'मानवीय' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय बताइए | 1
(द) अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए | 2
(ड) कौन मनुष्य को अज्ञान के अंधेरे से मुक्त करती है ?1

प्रश्न 2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये. प्रशनो के उत्तर लिखिए |
ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।
देखा माता का ऐसा रक्तिम श्रृंगार नहीं।
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के वंदन के।
कंठ-कंठ में गान उमड़ते माँ के अर्चन के।
शीश-शीश में भाव उमड़ते माँ पर अर्पण के।
प्राण-प्राण में भाव उमड़ते शोणित तर्पण के।
जीवन की धारा में देखी ऐसी धार नहीं।
सत्य अहिंसा का व्रत अपना कोई पाप नहीं।
विश्व मैत्री का व्रत भी कोई अभिशाप नहीं।
यही सत्य है सदा असत की टिकती चाप नहीं।

सावधान हिंसक! प्रतिहिंसा की कोई माप नहीं।
कोई भी प्रस्ताव पराजय का स्वीकार नहीं।
ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।

(क) उपरोक्त पद्यांश में किसके आवेश' का उल्लेख हुआ है?2

(ख) कवि के मतानुसार असत्य क्या है?1

(ग) 'रक्ति श्रृंगार' का क्या अर्थ है?2

(घ) 'शोणित तर्पण' का अर्थ क्या है?2

(ङ) पद्यांश में 'माता' का प्रतीक क्या है?1

खंड (ख)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए|

(1)नर + ईश (अ+ई=ए) की संधि क्या होगी ? 1

(2)पेड़ से फल गिरा' इस वाक्य में 'से' किस कारक की विभक्ति है | 1

(3) बद उपसर्ग का प्रयोग करते हुए एक शब्द बनाइये | 1

(4)घड़ी-घड़ी शब्द का वाक्य बनाइये |

(5) जातिवाचक सनग्या का एक उदाहरण लिखिए.| 1

(6) वश और बस के अर्थ म अन्तर लिखिए. | 1

(7) इक प्रत्यय से एक शब्द बनाइये | 1

(8)द्वन्द्व समास के दो उदाहरण लिखिये. 1

(9)महाशय शब्द मे संधि विच्छेद कीजिये. 1

(10)माता पिता मे कौन सा समास है. 1

(11)पत्र के योग से बननेवाले दो शब्द लिखिए. 1

(12)आन्खि शब्द का प्रचलित रूप लिखिये. 1

(13)पर्दाफ़ाश करना मुहावरे का अर्थ लिखिये. 1

(14)परिवार के आगे उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइये. 1

(15)मुझे दो किलो चीनी दे दो मे कौन सा विशेषण है. 1

खंड (ग)

प्रश्न 4. निम्नलिखित पठित गद्यान्श के आधार पर पूछ गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

बस को देखा तो श्रद्धा उमड पड़ी। खूब वयोवृद्ध थी। सदियों के अनुभव के निशान लिए हुए थी। लोग इसलिए इससे सफ़र नहीं करना चाहते कि वृद्धावस्था में इसे कष्ट होगा। यह बस पूजा के योग्य थी। उस पर सवार कैसे हुआ जा सकता है!

(क)लेखक और पाठ का नाम लिखिए. 2

(ख)लेखक के मन में बस के प्रति श्रद्धा क्यों उमड पडी?2

(ग)लोग इस बस में सफ़र क्यों नहीं करना चाहते थे? 1

प्रश्न5-निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*4=8

(क) पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या-क्या प्रयास हुए? लिखिए।

(ख)या तो बच्चाराज कायम कर लो या मुझे ही रख लो।" अम्मा ने कब कहा? और इसका परिणाम क्या हुआ?

(ग)बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

(घ) मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा।"
लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई?

प्रश्न-6निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़कर दिए गए प्रश्नो के उत्तर लिखिए |

अभी न होगा मेरा अंत
अभी-अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत –
अभी न होगा मेरा अंत।
2. हरे-हरे ये पात,
डालियाँ, कलियाँ, कोमल गात।
मैं ही अपना स्वप्न – मृदुल-कर
फेरूँगा निद्रित कलियों पर
जगा एक प्रत्यूष मनोहर।

(क)प्रस्तुत पद्यांश के कवि तथा कविता का नाम लिखिए 2

(ख)'वन मे मृदुल वसंत' से आप क्या समझते हैं ? 2

(ग) गात का अर्थ लिखिए| 1

प्रश्न 7-निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*4=8

(क)कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?

(ख)भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाला कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है? क्या वह निराश है या प्रसन्न है?

(ग)तलवार का महत्त्व होता है, म्यान का नहीं' – उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहता है? स्पष्ट कीजिए

(घ)यह कठिन समय नहीं है?" यह बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क प्रस्तुत किए गए हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए | 2*2=4

क) सिन्धु घाटी सभ्यता का व्यापारिक स्तर क्या था?

ख)नेहरू जी ने कुदाल छोड़कर कलम क्यों उठाई?

ग) राजा मिलिन्द कौन था?

खंड. (घ)

प्रश्न 9 स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को. पत्र लिखिए कि आपके गली मोहल्ले मे गंदगी. बड़्ती जा रही है | (5)

अथवा

योगा सीखने की अनुमति हेतु अपने पिताजी को पत्र लिखिए

10 किसी एक विषय पर निबंध लिखिए | (10)

क. विद्यार्थी और अनुशासन

ख. सच्चा मित्र

ग. पर्यावरण रक्षा

घ.मेरा प्रिय खेल

प्रश्न 11 घायल पक्षी की देखभाल के बारे में पिता और पुत्र के मध्य संवाद लिखिये. (5)

अथवा

कलम से कॉपी के मध्य सम्वाद लिखिए|

K